दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 19-05-2026

एडमिशन • सीआरएसयू ने जारी किया दाखिले के लिए शेड्यूल

# ऑनलाइन पोर्टल 25 मई से 16 जून तक खुलेगा, प्रवेश परीक्षा 30 जून से

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें वीसी प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रो. सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध एवं तकनीक आधारित हो, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और काउंसिलिंग प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। बैठक में विभिन्न संकायों एवं विभागों में उपलब्ध सीटों, प्रवेश नियमों, मेरिट प्रक्रिया और नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत लागू प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से पाठ्यक्रमों को समयानुकूल बनाया जा रहा है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 25 मई 2026 से खोला जाएगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में ऑनलाइन संशोधन की सुविधा 17 से 20 जून तक उपलब्ध रहेगी। प्रवेश परीक्षा 30 जून से 1 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 3 जुलाई को घोषित किया जाएगा।

## शारीरिक दक्षता परीक्षा 2-3 जुलाई को

एमपीएड (पुरुष) एवं बीपीएड (पुरुष) के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) 2 जुलाई को प्रातः 9 से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित होगी। वहीं एमपीएड (महिला) एवं बीपीएड (महिला) की शारीरिक दक्षता परीक्षा 3 जुलाई को प्रातः 9 से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित करी जाएगी। प्रथम मेरिट सूची का प्रदर्शन 6 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विस्तृत प्रॉस्पेक्ट्स शीघ्र ही विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा, जहां से विद्यार्थी इसे आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे।

# सीआरएसयू में हुई प्रवेश समिति की बैठक

## विद्यार्थियों को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रवेश प्रक्रिया उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता : प्रो. रामपाल सैनी




**जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू), जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रो. सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध एवं तकनीक आधारित हो, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन तथा काउंसलिंग प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। बैठक में विभिन्न संकायों एवं विभागों में उपलब्ध सीटों, प्रवेश नियमों, मेरिट प्रक्रिया तथा नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत लागू प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से पाठ्यक्रमों को समयानुकूल बनाया जा रहा है। बैठक में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा डीन उपस्थित रहे। सभी ने प्रवेश प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 25 मई 2026 से खोला जाएगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जून 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में ऑनलाइन संशोधन की सुविधा 17 जून 2026 से 20 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगी। प्रवेश परीक्षा 30 जून 2026 से 1 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी तथा प्रवेश परीक्षा का परिणाम 3 जुलाई 2026 को घोषित किया जाएगा। एम.पी.एड. (पुरुष) एवं बी.पी.एड. (पुरुष) के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) 2 जुलाई 2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। वहीं एम.पी.एड. (महिला) एवं बी.पी.एड. (महिला) की शारीरिक दक्षता परीक्षा 3 जुलाई 2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची का प्रदर्शन 6 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

दैनिक जागरण

Date-19.05.2026

# सीआरएसयू में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी, 25 से खुलेगा पोर्टल

**जागरण संवाददाता** ● **जींद** : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में नए सत्र में दाखिले के लिए शेड्यूल जारी किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सभी कार्यक्रमों के लिए आनलाइन पोर्टल 25 मई से खोला जाएगा, जबकि आनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। आनलाइन संशोधन की सुविधा 17 जून से 20 जून तक उपलब्ध रहेगी। प्रवेश परीक्षा 30 जून से एक जुलाई तक आयोजित की जाएगी व प्रवेश परीक्षा का परिणाम तीन जुलाई को घोषित किया जाएगा। एमपीएड (पुरुष) व बीपीएड (पुरुष) के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दो जुलाई को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगी। वहीं एमपीएड (महिला) व बीपीएड (महिला) की शारीरिक दक्षता परीक्षा तीन जुलाई को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची छह जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। विवि प्रशासन का कहना है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विस्तृत प्रास्पेक्टस शीघ्र ही विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। पहली मेरिट लिस्ट छह जुलाई को जारी होगी। दस्तावेजों की जांच व फीस जमा करवाने का समय सात व आठ जुलाई को होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट 13 जुलाई को जारी होगी। दस्तावेजों की जांच व फीस जमा करवाने का समय 13 व 14 जुलाई को रहेगा। इसके बाद खाली सीटों की सूची 16 जुलाई को जारी होगी। 20 जुलाई को फिजिकल वेरिफिकेशन होगी। फिजिकल वेरिफिकेशन में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच व फीस जमा करवाने का समय 21 जुलाई को रहेगा।



दाखिला शेड्यूल को लेकर चर्चा करते स्टाफ सदस्य। ● सौजन्य सीआरएसयू

● **छह जुलाई को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट, सात व आठ जुलाई तक दस्तावेजों की जांच के साथ फीस भरने का रहेगा समय**

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू व पारदर्शी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न संकायों व विभागों में उपलब्ध सीटों, प्रवेश नियमों, मेरिट प्रक्रिया व नई शिक्षा नीति के तहत लागू प्रावधानों पर भी चर्चा की गई।

\- **प्रो. रामपाल सैनी**, वीसी।

अमर उजाला
हर सवेरे नया जोश नया उजाला

Date-19.05.2026

# तकनीक आधारित प्रवेश प्रक्रिया सीआरएसयू की प्राथमिकता : कुलपति

जींद। सीआरएसयू में सोमवार को कुलपति प्रो. राम पाल सैनी की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी व विद्यार्थी हितैषी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और काउंसिलिंग की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध एवं तकनीक आधारित बनाया जाए।

बैठक में विभिन्न संकायों में उपलब्ध सीटों, प्रवेश नियमों, मेरिट प्रक्रिया और नई शिक्षा नीति के प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 25 मई से खोला जाएगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है।

आवेदन पत्र में ऑनलाइन संशोधन की सुविधा 17 से 20 जून तक उपलब्ध रहेगी। इसके बाद प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से एक जुलाई तक आयोजित की जाएंगी और उनका परिणाम तीन जुलाई को घोषित होगा। एमपीएड व बीपीएड (पुरुष) के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दो जुलाई को और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा तीन जुलाई को सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक होगी। प्रथम मेरिट सूची का प्रदर्शन छह जुलाई को सुबह दस बजे किया जाएगा। संवाद

पंजाब केसरी
TUE, 19 MAY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 3

# विद्यार्थियों को पारदर्शी, तकनीक आधारित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रवेश प्रक्रिया उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता : वी.सी.

जींद, 18 मई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सी.आर.एस.यू.), जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रो. सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध एवं तकनीक आधारित हो, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए वी.सी.।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन तथा काउंसलिंग प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। बैठक में विभिन्न संकायों एवं विभागों में उपलब्ध सीटों, प्रवेश नियमों, मैरिट प्रक्रिया तथा नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.-2020) के तहत लागू प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से पाठ्यक्रमों को समयानुकूल बनाया जा रहा है।

बैठक में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा डीन उपस्थित रहे। सभी ने प्रवेश प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 25 मई से खोला जाएगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में ऑनलाइन संशोधन की सुविधा 17 जून से 20 जून तक उपलब्ध रहेगी।

प्रवेश परीक्षा 30 जून से 1 जुलाई तक आयोजित की जाएगी तथा प्रवेश परीक्षा का परिणाम 3 जुलाई को घोषित किया जाएगा।

एम.पी.एड. (पुरुष) एवं बी.पी.एड. (पुरुष) के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी.ई.टी.) 2 जुलाई को प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। वहीं एम.पी.एड. (महिला) एवं बी.पी.एड. (महिला) की शारीरिक दक्षता परीक्षा 3 जुलाई को प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रथम मैरिट सूची का प्रदर्शन 6 जुलाई को प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विस्तृत प्रॉस्पैक्टस शीघ्र ही विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा, जहां से विद्यार्थी इसे आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे।